Semester - II

निबंध - राष्ट्रीय ध्वज

हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा है। हमारे राष्ट्रीय ध्वज में तीन रंग की पट्टियाँ होती हैं। सबसे ऊपर केसरिया रंग त्याग और बहादुरी का प्रतीक है। मध्य में सफ़ेद रंग की पट्टी होती है। सफ़ेद रंग पवित्रता और शांति का प्रतीक है। इसके मध्य में नीले रंग चक्र है, यह चक्र (बौद्ध तीर्थ स्थल) सारनाथ में स्थित " अशोक-स्तंभ " से लिया गया है। इस चक्र में चौबीस तीलियाँ हैं। यह गति और विकास का प्रतीक है। यह चक्र हमें आगे बढ़ने की शिक्षा देता है, ध्वज में नीचे हरे रंग की पट्टी होती है। हरा रंग समृद्धि और खुशहाली दर्शाता है।

राष्ट्रीय ध्वज देश की स्वतंत्रता, एकता और सम्मान का प्रतीक है। इसलिए भारत के लोग इसका सम्मान करते हैं। राष्ट्रीय ध्वज को जमीन पर गिरने नहीं देना चाहिए।

राष्ट्रीय ध्वज प्रमुख सरकारी इमारतों पर लहराते हैं। भारत सरकार

की अनुमति से ध्वज को घरों के ऊपर भी लगाया जा सकता है। स्वतंत्रता-दिवस और गणतंत्र-दिवस के अवसर पर भारत के प्रधान मंत्री एवं राष्ट्रपति ध्वजारोहण करते हैं। खेलों और सम्मेलनों आदि के आयोजन में भी राष्ट्रीय ध्वज लगाया जाता है। भारत का राष्ट्रीय ध्वज देश की आन-बान और शान का प्रतीक है। हमें तिरंगे का आदर करना चाहिए।

—x—